**ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत स्वच्छ बिहार पोर्टल के अंतर्गत SCDPM (Special Campaign For Disposal Of Pending Matters) के क्रियान्वयन हेतु दिनांक–24.06.2025 (मंगलवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय कक्ष में आहूत समन्वय बैठक की कार्यवाही।**

1. उपस्थितिः–संलग्न सूची के अनुसार।
2. सर्वप्रथम संयुक्त सचिव–सह–नोडल पदाधिकारी, स्वच्छ बिहार पोर्टल ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को बिहार स्वच्छता पोर्टल के विभिन्न डोमेन के संदर्भ में संक्षिप्त रूप से प्रकाश डाला गया।
3. स्वच्छ बिहार पोर्टल के अंतर्गत SCDPM के क्रियान्वयन हेतु आयोजित समन्वय बैठक में निम्न निदेश दिये गयेः–

(i) **e-Office का क्रियान्वयन**–अवर सचिव (लेखा) को निदेश दिया गया कि विभाग अंतर्गत e-Office का क्रियान्वयन हेतु संचिकाओं की Scanning एवं Digitisation Work हेतु आमंत्रित Quotation के आलोक में की गयी कार्रवाई संबंधी अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन आगामी बैठक में समर्पित करेंगे।

(ii) **Cleanliness Campaign Of Files & Record Management**- श्री राहुल कुमार, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–12 को निदेश दिया गया कि संचिकाओं का वर्गीकरण संबंधी अद्यतन पत्र/परिपत्र सभी अवर सचिव एवं सभी प्रशाखा पदाधिकारी को उपलब्ध कराया जाय। तदोपरांत सभी अवर सचिव अपने अधीनस्थ सभी प्रशाखाओं में साफ–सफाई, संचिकाओं का व्यवस्थित तरीके से रख–रखाव, संचिकओं का उनके प्रकृति के अनुसार वर्गीकरण कार्य करायेंगे एवं आगामी बैठक में उससे संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

(iii) **Office Scrap Disposal**-लेखा प्रशाखा द्वारा विभाग अंतर्गत परित्यक्त/अनुपयोगी सामग्रियों की नीलामी से प्राप्त होने वाले राजस्व से संबंधित प्रतिवेदन तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जायेगा।

(iv) **Reference From MLA/IMC Reference/District Reference**- श्री संजीव रंजन, प्रशाखा पदाधिकारी, लेखा एवं स्वच्छ बिहार पोर्टल कोषांग में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव/अभियंता प्रमुख/योजना से संबंधित सभी नोडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर सभी प्राप्त Reference एवं उनमें से कितने Reference का Disposal हुआ, के संबंध में प्रतिवेदन संकलित करेंगे। इसी प्रकार से प्राप्त होने वाले जन–शिकायत के संबंध में संबंधित नोडल पदाधिकारी एवं अन्य कोषांग से समन्वय स्थापित कर प्रतिवेदन तैयार करेंगे।

(v) **Easing Of Rules/Processes**- श्री संजीव रंजन, प्रशाखा पदाधिकारी (लेखा) एवं स्वच्छ बिहार पोर्टल कोषांग में प्रतिनियुक्त अन्य पदाधिकारियों द्वारा अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव/अभियंता प्रमुख/योजना से संबंधित सभी नोडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर कार्यों को आसान करने हेतु जारी किये पत्र, परिपत्र, SOP की प्रति प्राप्त कर आगामी समीक्षा बैठक में प्रस्तुत करेंगे।

(vi) **Public Grievance Appeals**- श्रीमती मंजु सीमा तिग्गा, अवर सचिव द्वारा बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम–2015 एवं सेवा शिकायत निवारण अधिनियम के तहत लंबित अपील के मामलों की सूची आगामी समीक्षा बैठक में प्रस्तुत किया जाय।

**(vii)** **<u>Assembly Assurance</u>**-श्री आदित्य प्रकाश, अवर सचिव द्वारा विधान मंडल (विधान सभा/विधान परिषद) से संबंधित लंबित आश्वासन के मामलों को सूचीबद्ध कराकर आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जायेगा।

**(viii)** स्वच्छ बिहार पोर्टल के अंतर्गत SCDPM के क्रियान्वयन हेतु आगामी समीक्षा बैठक दिनांक–**<u>01.07.2025 (मंगलवार) पूर्वाह्न 11:00 बजे</u>** आहुत की जायेगी।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

ह०/–
(संजय कुमार)
संयुक्त सचिव–सह–नोडल पदाधिकारी,
बिहार स्वच्छ पोर्टल,
ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांक –12/अ0प्र0–08–02/2025 6711 पटना/दिनांक– 25.6.25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव/सभी विशेष सचिव के निजी सहायक/अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव/अभियंता प्रमुख/सभी संयुक्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता/विभागीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी/आंतरिक वित्तीय सलाहकार/तकनीकी परामर्शी (विधि)/सभी नोडल पदाधिकारी/सभी अवर सचिव/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/श्री राहुल कुमार, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/श्री ओवैश हाशिम, कार्यपालक सहायक एवं आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवशयक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25/6/25
संयुक्त सचिव–सह–नोडल पदाधिकारी,
ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना

5